# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :—**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से 'हर घर तिरंगा अभियान' का किया शुभारंभ : काकोरी ट्रेन एक्शन के 101 वर्ष पूरे होने पर शहीदों को किया नमन।
2. मुख्यमंत्री ने सिद्दार्थ नगर में 311 करोड़ रुपए की 107 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा— सरकार की विकास नीतियों से प्रगति की राह पर अग्रसर हुआ जनपद।
3. प्रदेश भर में सावन के दूसरे सोमवार को लेकर सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम : कांवड़ यात्रा मार्गों पर लागू किए गए विशेष ट्रैफिक प्लान।

और

4. अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की नवगठित धार्मिक समिति की पहली बैठक संपन्न : 15 अगस्त को परंपरागत रीति—रिवाज के साथ निकाली जाएगी रामलला की पालकी यात्रा।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत की और इस क्रम में जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं, भाजपा नेताओं और कलाकारों समेत राज्य के विभिन्न स्थानों से आये लोगों के साथ मुख्यमंत्री आवास से विधान भवन तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तिरंगा लेकर पैदल चले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा विकास और विरासत का प्रतीक है। बाइट...

*हमारा ये तिरंगा हमारे सादगी का हमारे विकास का हमारी विरासत का और भारत के आन बान और शान का प्रतीक है। हम सब आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी जी के जिन्होंने भारत के प्रतीकों के प्रति सर्वोच्च सम्मान बनाए रखने के लिए राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत अपमान करने वालों को संगीन अपराध की सूची में रखते हुए दंडित करने का निर्णय भी लिया है।*

श्री योगी ने देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाल शहीदों, क्रांतिकारियों, सैनिकों और संविधान निर्माताओं राजेंद्र प्रसाद, बाबा साहेब भीमराव आंबडेकर, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए पूरे देश में तिरंगा यात्रा की शुरूआत की जा रही ह।

श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उन्होंने भारत के प्रतीकों, युवाओं, गरीबों,

आधी आबादी, किसानों के लिए नइ योजनाओं के साथ आगे बढ़ने के लिए उचित मंच देकर आदर्श पेश किया है। यह तिरंगा यात्रा उसी आदर्श की अभिव्यक्ति है।

बाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काकोरी ट्रेन एक्शन के 101वें वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में काकोरी शहीद स्मारक पर आयोजित शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रनायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अंग्रेज भारत के लोगों की गाढ़ी कमाई लूटकर ब्रिटेन ले जाना चाहते थे, लेकिन काकोरी में 9 अगस्त 1925 को पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी जैसे क्रांतिकारियों ने खजाने को अपने कब्जे में लेकर आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयां प्रदान की थीं। श्री योगी ने आमजन का आह्वान किया कि हमारे गांव, क्षेत्र और जनपद में अनेक गुमनाम नायकों से जुड़ी बिखरी सामग्री को एकत्र करें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद थे।

——————————

हर घर तिरंगा अभियान आज से 17 अगस्त तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य देशवासियों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने और देशभक्ति तथा राष्ट्रीय एकता से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। पेश है एक रिपोर्ट...

*हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए मनाया जा रहा है। यह अभियान हर घर तिरंगा पहल का पांचवा वर्ष है। इसकी शुरुआत 2022 में हुई थी और तब से यह देश के सबसे बड़े जनभागीदारी आंदोलनों में से एक बन गया है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने और देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भारत की सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाने वाली गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत के राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" की 150वीं वर्षगांठ होने के कारण इस वर्ष का अभियान विशेष महत्व रखता है। यह अभियान देशभक्ति के एक अनूठे उत्सव में राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय गीत को एक साथ लाता है। उत्सव के हिस्से के रूप में, पूरे देश में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन आयोजित किया जाएगा। समाचार कक्ष से मैं जया भारती।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सिद्धार्थनगर जिले में 311 करोड़ रूपए की 107 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभर्थियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों के कारण सिद्धार्थनगर जनपद लगातार प्रगति की राह पर अग्रसर है। बाइट...**

*सिद्धार्थ नगर जनपद जो आकांक्षी था पिछले 8–9 वर्षों के अंदर जो प्रयास हुआ है प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में देश के अंदर 112 जनपद आकांक्षी जनपद है और अग्रणी छलांग लगाने वाला कोई जनपद है तो सिद्धार्थ नगर जनपद है। अब ये आकांक्षात्मक नहीं विकास के पायदान पर तेजी के साथ अग्रणी भूमिका के लिए जाने जाने वाला जनपद है।*

**कार्यक्रम में स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल सहित जिले के कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।**

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

कल सावन का दूसरा सोमवार है। कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रदेश भर में सुरक्षा और सुविधा के व्यापक बंदोबस्त किये गये हैं। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया है कि काशी विश्वनाथ धाम में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। बाइट...

*तमाम हमारे कावड़िया श्रद्धालु केवल उत्तर प्रदेश से नहीं विभिन्न अन्य प्रदेशों से भी लोग यहां पर आ रहे हैं। जो हमारा संगम रूट है, प्रयागराज से लेकर के यहां का रूट है। उस पर लगातार लोगों का आवागमन बना हुआ है। सभी श्रद्धालु यहां पर सुरक्षित तरीके से यहां पर आए इसके लिए एक डेडिकेटेड लेन बनाई गई है। विश्राम गृह बनाए गए हैं। पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।*

*ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। जितने भी पुलिसकर्मी यहां पर ड्यूटी पर लगे हैं, उनकी लगातार ब्रीफिंग की जा रही है। उनको बताया जा रहा है किसी के साथ दुर्व्यवहार ना किया जाए और प्रयास यह किया जाए कि वह यहां से बहुत अच्छी यादें लेकर जाएं।*

सभी जिलों में कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। बाराबंकी से हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...

*कल सावन का दूसरा सोमवार है लेकिन श्रद्धालुओं और कावड़ियों का श्री लोधेश्वर धाम मंदिर पहुंचने का सिलसिला आज रविवार से शुरू हो गया है। सुदूर जनपदों से श्रद्धालु जय बम भोले के घोष लगाते हुए सड़कों पर नजर आ रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा भी उनका नगर क्षेत्र में स्वागत कर एक बड़े कैंप का आयोजन किया गया है जहां उनकी जांच और अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि उनकी सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए बाराबंकी से परवेज़ अहमद।*

——————————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की नवगठित धार्मिक समिति की पहली बैठक आज हुई। बैठक में श्री राम मंदिर की धार्मिक परंपराओं और आगामी आयोजनों के बारे में चर्चा की गई। बैठक के बाद महंत रामानंद दास ने बताया कि 15 अगस्त की शाम अयोध्या की परंपरागत रीति–रिवाज और साज–सज्जा के साथ रामलला की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। बाइट....

*राम लला है, उनका झूलन उत्सव अयोध्या की परंपरा के अनुसार विधि पूर्वक मनाया जाए। कुबेर टीला जहां वृक्ष भी है, भगवान दिव्य झूले में वहां पधार करके और सबके साथ वहां साज बाज से जाएंगे। उनका जो उत्सव है यानी गान बजान है, वह परंपरागत अयोध्या की परंपरा से होगा।*

——————————

कल राज्य के पूर्वी और पश्चिमी अंचलों के कई इलाकों में भारी बारिश हाने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस संबंध में यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पहाड़ी

इलाकों में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। घाघरा नदी बाराबंकी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बदायूं और फर्रूखाबाद में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा और अयोध्या में घाघरा नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। बादलों की आवाजाही के बीच उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं।

——————————